

# अवैध अहाते पर छापा, दुकान पर कार्रवाई, भागे शराबी



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 अप्रैल।** कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए फिजिकल थाना पुलिस ने 17 अप्रैल की देर शाम क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला और खुले में शराब पीने वाले हुड़दंगियों पर कार्रवाई की।

थाना प्रभारी नम्रता भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने परशुराम चौराहा स्थित एक शराब दुकान पर छापा मारकर हरी जाली (मेटी) लगाकर संचालित किए जा रहे अवैध अहाते को बंद कराया, जिससे शराबियों में भगदड़ मच गई। वर्तमान में पुलिस ने खुले में शराब पीने वालों को सख्त चेतावनी दी है और शहर में जुआ-सट्टा व अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान तेज करने की बात कही है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व सीएसपी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार देर शाम थाना प्रभारी नम्रता भदौरिया अपनी टीम के साथ सड़क पर उतरीं। पुलिस टीम ने पैदल गश्त करते हुए करौंदी सम्बेल से करौंदी दो बत्ती चौराहा और सिद्धेश्वर मेला ग्राउंड तक फ्लैग मार्च निकाला। गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उपद्रव कर रहे लोगों को पुलिस ने समझाइश दी और स्पष्ट किया कि खुले में शराब पीना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के तहत पुलिस टीम ने परशुराम चौराहा स्थित ठेकेदार कामेश शिवहरे की शराब दुकान पर छापा मारा। यहां ठेकेदार द्वारा हरी मेटी लगाकर अवैध रूप से अहाते का संचालन किया जा रहा था। पुलिस की कार्रवाई शुरू होते ही वहां शराब पी रहे लोगों में भगदड़ मच गई और कई लोग मौके से भाग निकले। पुलिस ने मौके पर अवैध अहाते को बंद करा दिया है। बता दें कि इस स्थान को लेकर पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि यहां शराबियों का जमावड़ा लगता है और खुले में शराबखोरी होती है। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी नम्रता भदौरिया ने आमजन से शांति बनाए रखने और कानून का पालन करने की अपील की। शहर भर में शराब दुकान के ठेकेदारों द्वारा दुकानों के पास अस्थाई अहाते बनाए जाने की जानकारी सामने आई है। सरकार ने अहाते बंद कर रखे हैं, लेकिन आरोप है कि आबकारी विभाग की मिलीभगत से ठेकेदार अवैध अहाते संचालित कर रहे हैं, जिनमें लोगों को शराब परोसी जा रही है। इनमें गुरुद्वारा चौराहा, ग्वालियर बायपास सहित अन्य शराब दुकानें शामिल हैं।

# छात्रहितों को लेकर एनएसयूआई ने 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य को सौंपा



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 अप्रैल।** छात्र समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। शहर ब्लॉक अध्यक्ष समीर खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीएम एक्सीलेंस कॉलेज पहुंचकर प्राचार्य प्रभारी को 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा और कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जताई।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कॉलेज में लंबे समय से छात्रहितों की अनदेखी हो रही है और मूलभूत सुविधाओं से लेकर शैक्षणिक व्यवस्थाओं तक में गंभीर खामियां हैं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार

**7 दिन का अल्टीमेटम, नहीं माने तो उग्र आंदोलन की चेतावनी**

नारेबाजी करते हुए प्रशासन को चेताया कि यदि 7 दिन के भीतर मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। समीर खान ने कहा कि छात्र समस्याओं पर अब समझौता नहीं होगा और जरूरत पड़ी तो सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान फरदीन खान, हर्ष नागर, रेहान खान, रवि सेन, अरमान हुसैन, फरमान खान, प्रयाग जाट, शैलेश परमार, राहुल जाटव, अफशान मुस्तफा, अभिषेक जाटव, सोहिब खान, शुभम कुशवाह, अजर खान और अर्शन सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सिंगरौली बैंक लूट के बाद शिवपुरी पुलिस अलर्ट बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 अप्रैल।** सिंगरौली में बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई लूट की घटना के बाद शिवपुरी पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र के सभी प्रमुख बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। पुलिस टीम ने कई बैंकों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा गार्डों की सतर्कता, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली और लाइसेंसी हथियारों की उपलब्धता व उनके उपयोग की जांच की गई। पुलिस टीम ने बैंक प्रबंधकों, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों से संवाद किया। उन्हें सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस के अनुसार, सिंगरौली जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए बैंक सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी बैंकों को अपने सुरक्षा उपकरणों को सक्रिय और अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर शहीद मेले का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 अप्रैल।** अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस के अवसर पर दो दिवसीय शहीद मेला का आयोजन किया जा रहा है। तात्या टोपे समाधि स्थल पर दो दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है। बलिदान दिवस के अवसर पर शनिवार 18 अप्रैल को सुबह तात्या

**श्रद्धांजलि सभा में तात्या टोपे के बलिदान को किया याद**

टोपे समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिवपुरी देवेन्द्र जैन, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर दिग्विजय सिंह सिकरवार ने तात्या टोपे के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा में तात्या टोपे के वंशज सुभाष टोपे, जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हरवीर रघुवंशी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव मुले सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, शहर के गणमान्य नागरिक और स्कूली छात्र छात्रा शामिल हुए। इस कार्यक्रम में तात्या टोपे के प्रपौत्र सुभाष टोपे को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद प्रोफेसर दिग्विजय सिंह सिकरवार ने तात्या टोपे के बलिदान को याद करते हुए कहा कि तात्या टोपे ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई है उनके बलिदान को आज हम सभी याद कर रहे हैं। किस प्रकार एक वीर योद्धा ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया इसे याद करते हुए तात्या टोपे के जीवन की कहानी को सभी के समक्ष रखा। कार्यक्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अमर शहीद तात्याटोपे का योगदान इतना बड़ा है कि उन्हें सन् 1859 में उन्हें फांसी दी गई। आशा करता हूं कि हम सभी उन्हें याद रखेंगे। श्रद्धांजलि सभा से पहले कार्यक्रम में अतिथियों ने तात्या टोपे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और ध्वजारोहण किया गया और इस प्रकार दो दिवसीय शहीद मेला का शुभारंभ हुआ।

**जनसंपर्क एवं शस्त्र प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र**

स्वराज संस्थान संचालनालय एवं जिला प्रशासन के समन्वय से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं से संबंधित फ़ोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। सैनिकों से संबंधित अस्त्र-शस्त्र की प्रदर्शनी लगाई गई है। शहर के नागरिक प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं। श्रद्धांजलि सभा के दौरान मुख्य अतिथि सहित गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

**प्रभात फेरी निकाली गई**

जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रातः पुरानी जिला जेल शिवपुरी से प्रभात फेरी निकाली गई, हाथ में मशाल लेकर जो शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई समाधि स्थल पर समाप्त हुई। जहां प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण और गार्ड ऑफ ऑनर एवं राष्ट्रगान किया गया। तात्या टोपे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई।

**आज होगा कवि सम्मेलन का आयोजन**

शहीद मेला में 19 अप्रैल (रविवार) को सायं 7 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुकेश मौलवा-ओज-इंदौर, डॉ. कविता किरण श्रृंगार-उदयपुर, सुश्री मनु वैशाली-श्रृंगार / गीत-दिल्ली, दिनेश याज्ञनिक ओज रायसेन, मुकेश शाण्डिल्य-हास्य-हरदा, शंभू मनहर-गीतकार-खरगौन, अंजली गुप्ता श्रृंगार-शिवपुरी, हरीश हंगामा-हास्य-चित्तौडगढ़, आशुतोष शर्मा-सब रस-शिवपुरी, आशीष पटेरिया हास्य-शिवपुरी से पधार कर अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे।

# कलेक्टर ने कोलारस एवं बदरवास क्षेत्र का किया भ्रमण, लिया जायजा



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 अप्रैल।** केन्द्रीय मंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को मद्देनजर आज कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विकासखण्ड कोलारस, लुकवासा, बदरवास क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएम राईज स्कूल कोलारस एवं बदरवास, बस स्टेण्ड कोलारस, ग्राम पंचायत लुकवासा, अडानी विकास केन्द्र एवं जनपद पंचायत बदरवास के भूमि स्थल का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर विधायक कोलारस महेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरवीर रघुवंशी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव मूले, एसडीएम कोलारस अनूप श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

**होनहार छात्रा को किया सम्मानित :** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सर्वप्रथम सीएम राईज स्कूल कोलारस का निरीक्षण किया। जहां संदीपनि मॉडल शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोलारस की होनहार छात्रा हंशिका राठौर द्वारा हायर सेकेंडरी में उच्चतम स्कोर किए जाने पर कलेक्टर श्री वर्मा ने छात्रा हंशिका को सम्मानित किया और कहा कि इसी तरह पढ़ें और आगे बढ़ें। इसके बस स्टैंड कोलारस का भी अवलोकन किया।

**मल्टीपरपज केंद्र का निरीक्षण:** इस दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने अडानी विकास केन्द्र का भ्रमण किया और इस केन्द्र पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम के अनुरूप व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जनपद पंचायत बदरवास के नवीन भूमि स्थल का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस स्थल का केन्द्रीय मंत्री द्वारा भूमिपूजन किया जाएगा। उन्होंने बदरवास पहुंचकर सीएम राईज स्कूल का अवलोकन किया। स्कूल में निर्मित किए जा रहे कक्षों की गुणवत्ता की जानकारी ली। इस दौरान प्राचार्य महेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि सीएम राईज स्कूल बदरवास के छात्र-छात्राएं अव्वल नम्बर से उत्तीर्ण होते है, इस वर्ष का विद्यालय का रिजल्ट 98 प्रतिशत रहा है। एक विद्यार्थी द्वारा टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है।

# दून पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 18 अप्रैल।** दून पब्लिक स्कूल परिसर में तीन दिवसीय भव्य ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अनूठी पहल के माध्यम से पहली बार अभिभावकों और विद्यार्थियों को स्कूल की शैक्षणिक कार्यप्रणाली, सुविधाओं और वातावरण को करीब से जानने

**संपन्न, अभिभावकों और बच्चों ने परखी शिक्षा की गुणवत्ता**

व परखने का अवसर मिला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में पारदर्शिता लाना और अभिभावकों के सुझावों को प्राथमिकता देना रहा।

अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ स्कूल के खुले परिसर में बैठकर शिक्षकों की शिक्षण पद्धति को समझा। उन्होंने आधुनिक लैब, खेल सुविधाओं और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों के सीखने में सहायक उपकरणों की गहन जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान पेरेंट्स ने विद्यालय की युक्तियों की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ बच्चों के सीखने की गति को बेहतर बनाने के लिए बेहतरीन तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

**सेल्फ डिफेंस और तीरंदाजी जैसे खेलों की उठी मांग:** समीक्षा के दौरान खेल गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अभिभावकों ने सुझाव दिया कि वर्तमान समय को देखते हुए इस सत्र से तीरंदाजी और आत्मरक्षा जैसे खेलों को भी खेल पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। अभिभावकों ने स्कूल द्वारा आयोजित एक दिन जवानों के साथ कार्यक्रम की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ और आईटीबीपी कैंप में बिताए गए समय ने बच्चों में अनुशासन और देशभक्ति का नया संचार किया है। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण पैरेंट्स गेम ज़ोन रहा, जहाँ परिजनों ने बच्चों के साथ रोचक और ज्ञानवर्धक खेलों में भाग लिया। खेलों के माध्यम से अभिभावकों ने न केवल अपने बचपन को याद किया, बल्कि अपनी सक्रिय भागीदारी से यह भी साबित किया कि वे बच्चों की परवरिश के प्रति कितने सजग हैं। विजेताओं को आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत भी किया गया।

स्कूल के संचालक डॉ. खुशी खान और शाहिद खान, तथा प्राचार्य अभिजीत घोषाल ने संयुक्त रूप से विश्वास दिलाया कि अभिभावकों द्वारा दिए गए सभी रचनात्मक सुझावों पर कार्य योजना बनाकर इसी सत्र से अमल किया जाएगा। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर अखलाक खान ने विस्तार से प्रकाश डाला। तीन दिवसीय इस आयोजन का सफल संचालन रुबीना मैम, पार्वती मैम और हिमांशी मैम द्वारा किया गया।

# चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है : ममता किशोरी जी

**पिछोर।** नगर के स्वामी ब्रह्मानंद आश्रम स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक दीदी ममता किशोरी जी ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य लीलाओं का रसपान कराया। साथ ही उन्होंने वर्तमान परिवेश में सत्संग, अच्छे आचार-विचार और सुदृढ़ चरित्र के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, जो विश्वास, सम्मान और सफलता का आधार बनता है। इसे बनाना कठिन है, लेकिन खोना बहुत आसान होता है। इसलिए व्यक्ति को सदैव अच्छे विचार, उत्तम आचरण और सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। कथा के दौरान उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की लीला का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान के जन्म के समय कारागार के बंधन स्वयं खुल गए और पहरेदार सो गए। इसके बाद वसुदेव जी नवजात कृष्ण को यमुना पार कर गोकुल ले गए और उन्हें नंद-यशोदा के घर सुरक्षित पहुंचाया। कथा श्रवण के दौरान श्रोताओं ने भक्ति भाव में डूबकर भगवान के बधाई गीत गाए और वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल को 51 कन्याओं का सामूहिक सर्वजातीय आदर्श विवाह सम्मेलन एवं पर्यावरण शुद्धि हेतु 51 कुंडली रुद्र महायज्ञ के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के मुख्य यजमान राजकुमारी सुनील लोधी रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी करेंगे। आयोजन में मुख्य आचार्य के रूप में श्री रामसेवक जी शास्त्री एवं श्री भगवत शरण जी शास्त्री उपस्थित रहेंगे।

**आज से होगा सामूहिक विवाह एवं रुद्र महायज्ञ**

# पटवारी की मनमानी से किसान बेहाल, दो माह से भटक रहा, नहीं हुआ फसल पंजीयन



**पोहरी।** शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का दावा करने वाला प्रशासन जमीनी हकीकत में किस तरह फेल हो रहा है, इसका जीता-जागता उदाहरण पोहरी तहसील के ग्राम वगबासाकला में सामने आया है। यहां एक किसान पटवारी की मनमानी और लापरवाही के चलते पिछले दो माह से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है, लेकिन उसकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही।

ग्राम वगबासाकला निवासी मुकेश कुमार वर्मा ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में आरोप लगाया है कि उसकी फसल की जानकारी पटवारी द्वारा जानबूझकर गलत दर्ज कर दी गई है। किसान के अनुसार उसके खेत के सर्वे नंबर 404, कुल रकबा 1.3600 हेक्टेयर में से लगभग 0.700 हेक्टेयर में गेहूं की फसल खड़ी है, लेकिन रिकॉर्ड में पूरे रकबे को कलौंजी दर्शा दिया गया है।

यही नहीं, खेत में बोर होने के बावजूद उसे असिंचित बता दिया गया, जिससे उसकी स्थिति और बिगड़ गई। नतीजा यह रहा कि किसान अपनी गेहूं की फसल का पंजीयन नहीं करा सका और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गया।किसान का आरोप है कि उसने पंजीयन की अंतिम तिथि से पहले कई बार पटवारी से रिकॉर्ड सुधारने की गुहार लगाई, लेकिन हर बार उसे टाल दिया गया। मुकेश वर्मा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 'बिना पैसे दिए कोई काम नहीं किया जाता', जिसके कारण उसका काम जानबूझकर रोका गया।

**बिना पैसे नहीं होता काम, किसान का गंभीर आरोप, कलेक्टर से लगाई गुहार**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसान बार-बार तहसील और एसडीएम कार्यालय के चक्कर लगाता रहा, तो जिम्मेदार अधिकारियों ने आखिर क्यों ध्यान नहीं दिया? क्या प्रशासन को किसानों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है?अब पीड़ित किसान ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाते हुए मांग की है कि उसकी भूमि में वास्तविक स्थिति के अनुसार फसल का रिकॉर्ड सुधारा जाए, ताकि वह पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ ले सके। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करेगा।

**इनका कहना है...**

फसल मेने नही चढ़ाई है, सरवेयर ने फसल को गलत चढ़ाया है, मेने सुधार के लिए भेज दिया है।

**रवि वर्मा, पटवारी**

# पोहरी में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस ने लिया जायजा



**पोहरी।** सिंगरौली में बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई सनसनीखेज लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए पोहरी पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी आनंद राय के आदेशानुसार थाना प्रभारी रवि चौहान ने पुलिस बल के साथ नगर के विभिन्न बैंकों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने बैंकों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने बैंक प्रबंधकों को सीसीटीवी कैमरों की नियमित निगरानी, अलार्म सिस्टम को सक्रिय रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही बैंक परिसर में तैनात सुरक्षा गार्डों को सतर्क रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की हिदायत दी। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस द्वारा इस तरह के निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पोहरी पुलिस की इस सक्रियता से बैंक कर्मचारियों और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

# क्रांतिवीर तात्या टोपे का बलिदान दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**पोहरी।** सांदीपनि विद्यालय पोहरी में क्रांतिवीर तात्या टोपे का बलिदान दिवस बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम प्राचार्य अचलसिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर 'तात्या टोपे अमर रहें' के जोशीले नारों के साथ एक भव्य रैली निकाली। रैली के दौरान पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। कार्यक्रम के दौरान उच्च माध्यमिक शिक्षक राजेन्द्र वर्मा एवं शम्भू दयाल दोहरे ने विद्यार्थियों को तात्या टोपे के बलिदान, संघर्ष और देशहित में दिए गए उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं माध्यमिक शिक्षक राघवेंद्र भार्गव ने रैली में सक्रिय भूमिका निभाते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

**परिशिष्ट बी- संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय गुना**
**प्रधान जिला न्यायाधीश, गुना**

एमएसीसी/87/2025
अशोक कुशवाह बनाम लक्ष्मण किरार आदि
NEXT DATE: 15-05-2026
समेकित प्रकरण क्रं. एमएसीसी/88से90/25
प्रेषिती-
राजेश गिरी
पता - ग्राम अखाडा खनियाधाना जिला शिवपुरी म0प्र0

यह कि प्रार्थी अशोक कुशवाह ने आपके विरुद्ध एमएसीसी/87/2025 के लिए बाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके।
आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे
सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन मुजरा के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।
यह आज तारीख 08-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**( अभिताभ मिश्र )**
**सदस्य न्यायाधीश**
**प्रधान जिला न्यायाधीश**

टिप्पणी:-
अधिक जानकारी वेबसाइट ecourts.gov.in अथवा मोबाइल एप. eCourts Services (Android or iOS) से प्राप्त की जा सकती है।
कृपया ध्यान दें:-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।